विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2023 के 2—शुक्रवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या—30 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 30 (क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद-प्रतापगढ़ , ब्लाक- पट्टी , ग्राम-भावापुर दुबे पट्टी में जानकी पाण्डेय के घर से विजयशंकर पाण्डेय के घर तक लगभग 500 मीटर इण्टर लाकिंग/सी0सी0 रोड न होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है? | जनपद-प्रतापगढ़, ब्लॉक-पट्टी, ग्राम भावापुर दुबे पट्टी जो ग्राम पंचायत धुई के अन्तर्गत आता है, में जानकी पाण्डेय के घर से विजय शंकर पाण्डेय के घर तक लगभग 500 मी0 इण्टरलॉकिंग/सी0सी0 रोड निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्रश्नगत मार्ग ग्राम पंचायत धुई की गाटा सं0-95 के अभिलेखों में चकमार्ग के खाते में अंकित है, जिसपर खड़ंजा लगा हुआ है। उसके आगे की भूमि आबादी श्रेणी 6(2) के अन्तर्गत श्रीमती आशा देवी पत्नी हरीराम की भूमि है। श्रीमती आशा देवी पत्नी हरीराम बीच से रास्ता देने को सहमत नहीं है। |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त स्थान पर रोड का निर्माण करायेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) यदि हाँ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री।